भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 867
जिसका उत्तर मंगलवार 09 फरवरी, 2021
20 माघ, 1942 (शक) को दिया जाना है

फायदे और घाटे में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण/विनिवेश किया जाना

867. **श्री नीरज डांगी:**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार ने फायदे में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) का निजीकरण किया है, में विनिवेश या कार्यनीतिक रूप से विनिवेश किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा निजीकरण, विनिवेश, या कार्यनीतिक रूप से विनिवेश किए गए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के नाम क्या क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान घाटे में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का भी निजीकरण किया है; और

(घ) यदि हाँ, तो निजी फर्मों द्वारा इन घाटे में चल रहे उपक्रमों को खरीदे जाने के क्या कारण हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्यमंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख) : सरकार अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री और रणनीतिक विनिवेश के माध्यम से विनिवेश की नीति का अनुसरण करती है। सीपीएसई की लाभप्रदत्ता/हानि विनिवेश का प्रासंगिक मापदंड नहीं है।

अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री का अंतर्निहित उद्देश्य प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण के बिना सीपीएसईस में सरकार की इक्विटी के भाग के मूल्य का मुद्रीकरण करना है।

-2/-

रणनीतिक विनिवेश का आशय प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण के साथ किसी सीपीएसई में सरकारी शेयरधारिता के पर्याप्त हिस्से की बिक्री से है। सीपीएसईस का रणनीतिक विनिवेश इस मूल आर्थिक सिद्धांत द्वारा मार्गदर्शित है कि सरकार को उन क्षेत्रों में नहीं बने रहना चाहिए जिनमें प्रतिस्पर्धात्मक बाजार बहुत पहले से आए हुए हैं और ऐसी कंपनियों की आर्थिक संभावना विभिन्न घटकों जैसे कि पूंजी लगाने, प्रौद्योगिकी उन्नयन तथा दक्ष प्रबंधन परिपाटियों के कारण रणनीतिक निवेशक के हाथों में संभवतः बेहतर होगी; और इस प्रकार वे देश के सकल घरेलू उत्पाद में सहायक होंगी।

इसके अलावा, सीपीएसइस के विनिवेश द्वारा निर्मुक्त संसाधनों का उपयोग सामाजिक क्षेत्रों/ सरकार के विकासात्मक कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा जिससे आम जनता को लाभ होगा।

पिछले पांच वर्षों के दौरान जिन सीपीएसईस का अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के माध्यम से विनिवेश किया गया और रणनीतिक विनिवेश किया गया उनकी सूचियां क्रमशः **अनुबंध-I** और **अनुबंध-II** में दी गई हैं जिनका ब्यौरा दीपम की वेबसाइट www.dipam.gov.in पर भी उपलब्ध है।

(ग) : जी, नहीं।

(घ) : उपरोक्त भाग (ग) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****

दिनांक 09.02.2021 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 867 के उत्तर में अनुबंध

अनुबंध –I

चालू वित्त वर्ष सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के माध्यम से विनिवेश

क्र.सं.	सीपीएसईस	विनिवेश की पद्धति
	वित्त वर्ष 2016-17	
1.	इंडियन ऑयल कार्पो. लि. (आईओसीएल)	कर्मचारी ओएफएस
2.	इंजीनियर्स इंडिया लि. (ईआईएल)	कर्मचारी ओएफएस
3.	नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लि. (नालको)	वापस खरीद
4.	नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी)	ओएफएस
5.	हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल)	ओएफएस
6.	राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी)	कर्मचारी ओएफएस
7.	राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि. (एनएमडीसी)	वापस खरीद
8.	मेंगनीज ओर इण्डिया लि. (मॉयल)	वापस खरीद
9.	राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लि. (एनबीसीसी)	ओएफएस
10.	भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल)	वापस खरीद
11.	कोल इंडिया लि. (सीआईएल)	वापस खरीद
12.	एसयूयूटीआई निवेश के प्रबंधन से धारिता और आय का रणनीतिक विनिवेश	अन्य
13.	नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी)	कर्मचारी ओएफएस
14.	ड्रेजिंग कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (डीसीआईएल)	कर्मचारी ओएफएस
15.	कंटेनर कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (कोन्कोर)	कर्मचारी ओएफएस
16.	सीपीएसई-एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (सीपीएसई - ईटीएफ)	एफएफओ
17.	मेंगनीज ओर इण्डिया लि. (मॉयल)	ओएफएस
18.	भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल)	ओएफएस
19.	नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी)	वापस खरीद
20.	नेवेली लिग्नाइट कार्पो. लि. (एनएलसी)	वापस खरीद
21.	सीपीएसई-एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (सीपीएसई - ईटीएफ)	एफएफओ
	वित्त वर्ष 2017-18	
1.	हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल)	कर्मचारी ओएफएस
2.	नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लि. (नालको)	ओएफएस
3.	आवास एवं शहरी विकास निगम लि. (हुडको)	आईपीओ

4.	ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल)	वापस खरीद
5.	राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टीलाइजर्स लि. (आरसीएफएल))	ओएफएस
6.	एसयूयूटीआई की धारिता का रणनीतिक विनिवेश	अन्य
7.	नेशनल फर्टिलाइजर्स लि. (एनएफएल)	ओएफएस
8.	हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल)	ओएफएस
9.	कोचीन शिपयार्ड लि. (सीएसएल)	आईपीओ पिग्गी बैक
10.	इंजीनियर्स इंडिया लि. (ईआईएल)	वापस खरीद
11.	राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी)	ओएफएस
12.	भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल)	कर्मचारी ओएफएस
13.	राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि. (एनटीपीसी)	कर्मचारी ओएफएस
14.	भारत डॉयनामिक्स लि. (बीडीएल)	वापस खरीद
15.	जनरल इंश्योरेंस कार्पो. ऑफ इंडिया (जीआईसी)	आईपीओ पिग्गी बैक
16.	नेवेली लिग्नाइट कार्पो. लि. (एनएलसी)	ओएफएस
17.	हिन्दुस्तान कॉपर लि. (एचसीएल)	कर्मचारी ओएफएस
18.	द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लि. (एनआईए)	आईपीओ पिग्गी बैक
19.	भारत 22 ईटीएफ	एनएफओ
20.	नेशनल एल्यूमिनियम कार्पो. लि. (नालको)	कर्मचारी ओएफएस
21.	मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. (एमडीएल)	वापस खरीद
22.	इरकान इंटरनेशनल लि. (इरकान)	वापस खरीद
23.	हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल)	वापस खरीद
24.	गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लि. (जीआरएसई)	वापस खरीद
25.	हॉस्पिटल सर्विसेस कंसल्टेंसी कार्पो. लि. (एचएससीसी लि.)	वापस खरीद
26.	सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पो. इंडिया लि. (एसपीएमसीआईएल)	वापस खरीद
27.	राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि. (एनएमडीसी लि.)	ओएफएस
28.	नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कार्पो. लि. (एनबीसीसी लि.)	कर्मचारी ओएफएस
29.	अंतरिक्ष कार्पो. लि.	वापस खरीद
30.	सतलुज जल विद्युत निगम लि. (एसजेवीएन लि.)	वापस खरीद
31.	एसयूयूटीआई निवेश के प्रबंधन से आय	अन्य
32.	भारत इलेक्ट्रोनिक्स लि. (बीईएल)	वापस खरीद
33.	मेंगनीज ओर (इण्डिया) लि. (मॉयल)	वापस खरीद
34.	भारत डॉयनामिक्स लि. (बीडीएल)	आईपीओ
35.	हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल)	आईपीओ
	वित्त वर्ष 2018-19	
1.	मिश्र धातु निगम लि. (मिधानी)	आईपीओ

2.	भारत 22 ईटीएफ	ईटीएफ
3.	रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकॉनिमिक सर्विस (राइट्स)	आईपीओ
4.	इंडियन रेलवे कंसट्रक्शन कंपनी (इरकॉन) इंटरनेशनल लि.	आईपीओ
5.	गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लि. (जीआरएसई)	आईपीओ
6.	कोल इंडिया लि. (सीआईएल)	ओएफएस
7.	कुद्रेमुख आयरन ओर कंपनी लि. (केआईओसीएल) लि.	वापस खरीद
8.	सीपीएसई - ईटीएफ	अन्य
9.	नेशनल एल्यूमिनियम कार्पो. लि. (नालको)	वापस खरीद
10.	नेवेली लिग्नाइट कार्पो. लि. (एनएलसी) इण्डिया लि.	वापस खरीद
11.	कोल इंडिया लि. (सीआईएल)	कर्मचारी ओएफएस
12.	कोचीन शिपयार्ड लि (सीएसएल)	वापस खरीद
13.	भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि. (बीएचईएल)	वापस खरीद
14.	नेशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कार्पो. लि. (एनएचपीसी)	वापस खरीद
15.	भारत 22 ईटीएफ	एफएफओ
16.	इंडियन ऑयल कार्पो. लि. (आईओसीएल)	वापस खरीद
17.	ऐक्सिस बैंक शेयरों की एसयूयूटीआई बिक्री	अन्य
18.	ऑयल एंड नेचुरल गैस कार्पो. लि. (ओएनजीसी)	वापस खरीद
19.	सीपीएसई-ईटीएफ	एफएफओ
20.	कोल इंडिया लि. (सीआईएल)	वापस खरीद
21.	नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कार्पो. लि. (एनएमडीसी)	वापस खरीद
22.	ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल)	वापस खरीद
23.	मेटल स्क्रेप ट्रेड कार्पो. लि. (एमएसटीसी लि.)	आईपीओ
24.	सीईपीआई अभिरक्षा के अधीन शेयरों की बिक्री	अन्य
	वित्त वर्ष 2019-20	
1.	रेल विकास निगम लि. (आरवीएनएल)	आईपीओ
2.	शत्रु शेयरों की बिक्री	अन्य
3.	सीपीएसई-ईटीएफ	एफएफओ
4.	इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कार्पो. (आईआरसीटीसी)	आईपीओ
5.	भारत 22 ईटीएफ	एफएफओ
6.	राइट्स	ओएफएस
7.	मॉयल	वापस खरीद
8.	सीपीएसई-ईटीएफ	एफएफओ
9.	राइट्स	ओएफएस
10.	एमडीएल	वापस खरीद

11.	एसयूयूटीआई से प्राप्त राशि	अन्य
12.	एसपीएमसीआईएल	वापस खरीद
	वित्त वर्ष 2020-21	
1.	मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि.	आईपीओ
2.	भारतीय रेल वित्त निगम लि.	आईपीओ
3.	हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि.	ओएफएस
4.	भारत डॉयनामिक्स लि.	ओएफएस
5.	इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पो. लि.	ओएफएस
6.	भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि.	ओएफएस
7.	राइट्स लि.	वापस खरीद
8.	केआईओसीएल	वापस खरीद
9.	एनटीपीसी लि.	वापस खरीद
10.	एनएमडीसी लि.	वापस खरीद

अनुबंध-II

चालू वित्त वर्ष सहित पिछले 05 वर्षों के दौरान रणनीतिक विनिवेश

क्र. सं.	सीपीएसईस	विनिवेश की पद्धति	वित्त वर्ष
1.	एचपीसीसी - ओएनजीसी	रणनीतिक विनिवेश	2017-18
2.	एचएससीसी (इंडिया) लि.	रणनीतिक विनिवेश	2018-19
3.	ड्रेजिंग कार्पो. ऑफ इंडिया लि. (डीसीआईएल)	रणनीतिक विनिवेश	2018-19
4.	पीएफसी-आरईसी	रणनीतिक विनिवेश	2018-19
5.	नेशनल प्रोजेक्टस कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन (एनपीसीसी)	रणनीतिक विनिवेश	2018-19
6.	टीएचडीसी	रणनीतिक विनिवेश	2019-20
7.	नीपको	रणनीतिक विनिवेश	2019-20
8.	कामराजार पोर्ट लि.	रणनीतिक विनिवेश	2019-20